# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका

## नवम्बर 2018




नगर पालिक निगम भिलाई



श्री देवेन्द्र यादव
महापौर

## संदेश

शहर में निवासरत सभी नागरिकों को शुभकामना, मैं अपनी पूरी क्षमता व लगन के साथ प्रयासरत हुं कि अंतिम व्यक्ति तक मूलभूत सुविधा पहुंचे। हम अपने इस लौह नगर को स्वच्छता, पानी, बिजली, सड़क, व्यवस्थित बाजार, पार्क, उद्यान,खेल-कूद, शिक्षा, आपसी प्रेम भाईचारा, सांस्कृतिक महोत्सव, आदि सभी **क्षेत्रों** में अग्रणी बनायेंगे। हम सब लोग मिलकर ही अपने शहर को स्वच्छ भिलाई सुन्दर भिलाई व स्वस्थ भिलाई बना सकतें है।

श्री देवेन्द्र यादव
महापौर
नगर पालिक निगम
भिलाई

# आयुक्त मतदाता जन जागरुकता अभियान का निरीक्षण करते हुए

**भिलाईनगर/** निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के द्वारा प्रतिदिन निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में चलाये जा रहे मतदाता जन जागरुकता अभियान का निरीक्षण करते हुए कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी, कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये जा रहें है। तथा स्वयं भी रैलियों में उपस्थित होकर नागरिकों को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करने हेतु प्रेरित कर रहें है निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने लोगो से अपील की वे अपने अपने बुथ में जाकर अवश्य मतदान करें निगम प्रशासन का यह प्रयास है कि ऐसे क्षेत्र जहां पर मतदान का प्रतिशत कम रहा है ऐसे मतदान केन्द्र पर जन जागरूकता के माध्यम से अधिक से अधिक मतदान हो ऐसा प्रयास हम सब को मिल जुलकर करना है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना मत देने का स्वतंत्र रूप से अधिकार है बिना किसी के दबाव एवं प्रलोभन के आप अपना मतदान करें। इसके लिए जन जागरूकता अभियान चलाई जा रही है। इसमें आप लोग भी अपना सहयोग प्रदान करें।

निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में निगम के अधिकारी, कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वच्छता कमाण्डो, स्कुली प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्कुली छात्र-छात्राओं, समाजसेवी संगठन, के द्वारा नागरिकों में मतदान को लेकर जागरुकता लाने हेतु विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर मतदाता जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। निगम प्रशासन विशेष रुप से नुक्कड़ सभाएं रंगोली, भाषण प्रतियोगिता, रैली के माध्यम से नागरिकों में शत्-प्रतिशत मतदान हो इसके लिए सभी जोन अंतर्गत के वार्डों में मतदाता जन जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है।






# आयुक्त श्री सुंदरानी ने जोन 02 कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण कर नस्ती विलंब से प्रस्तुत करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया।

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के द्वारा आज जोन 02 वैशाली नगर कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए एसएलआरएम की नस्ती विलंब से प्रस्तुत किये जाने के कारण उप अभियंता श्री अरविन्द शर्मा, विश्वजीत सेन गुप्ता, श्रीमती माधुरी टेंडेरकर को कारण बताओं सूचना पत्र जारी करने के निर्देश जोन आयुक्त श्री सुनील जैन को दिया गया साथ ही स्वच्छता निरीक्षक श्री व्ही.के. सेमुवल पर सक्त नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि अपने प्रभार वाले वार्डों में घरों से निकलने वाले सुखे एवं गीले कचरे जो सफाई मित्र (रिक्शा) के माध्यम से चिन्हित स्थान पर डम्प किये जाते हैं ऐसे स्थानो का नियमित रुप से निरीक्षण करते हुए सुखे एवं गीले कचरे पृथक-पृथक रखें जाये ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें। श्री सुंदरानी ने जोन कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए कार्यालय का भ्रमण कर उपस्थिति पंजी का निरीक्षण किया गया लोक निर्माण कार्य, स्वास्थ्य विभाग,पेयजल, वाहन व्यवस्था, राजस्व वसुली, नस्तियों का संधारण, सहित कार्यालयीन कार्य की अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति में समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। सीधी कार्यवाही की जावेगी।



# स्वच्छता एप डाउनलोड कराए जाने हेतु निगम एवं बीएसपी के अधिकारी/ कर्मचारियों संयुक्त टीम का गठन किया गया

**भिलाईनगर/** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी ने निगम प्रशासन एवं बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया है संबंधित अधिकारी-कर्मचारी स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2019 के गाईड लाईन पुस्तिका में दिए गए अनुसार नगर पालिक भिलाई की जनसंख्या का 10प्रतिशत स्वच्छता एप डाउनलोड कराये जाने का प्रावधान रखा गया है। आयुक्त महोदय द्वारा उक्त संबंध में पूर्व मे निगम के समस्त जोन के जोन आयुक्त सभी विभाग प्रमुख एवं स्वच्छ भारत मिशन से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारियों की संयुक्त बैठक निगम सभागार में लेकर स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए निगम भिलाई हेतु लक्ष्य निर्धारित कर उसे पूर्ण करने के आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए थे। निगम श्री सुंदरानी ने निगम भिलाई क्षेत्र के अंतर्गत उत्तर भारतीयों के द्वारा मनाया जाने वाला छठ पर्व का त्यौहार मनाने आने वाले गणमान्य नागरिक को भी स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत उनके मोबाइल में स्वच्छता एप डाउनलोड कराए जाने के संबंध में एक आदेश प्रसारित किया गया है जिसके अंतर्गत 13 नवम्बर 2018 को शाम 04 बजे एवं 14नवम्बर को प्रातः 4.30 बजे से छठ पर्व में तालाबों में पूजा के दौरान अधिक संख्या में लोग उपस्थित रहते हैं।





## निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने सभी जोन अंतर्गत प्रमुख स्थलों सहित बाजारों में रात्रि कालीन सफाई किए जाने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी को दिए

भिलाईनगर/ निगम के जोन 01, 02, 03, 04, 05 एवं 06 के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ-साथ रात्रिकालीन सफाई के कार्य किये जा रहें हैं. स्वास्थ्य विभाग के द्वारा आकाश गंगा सुपेला, पत्रकार लाईन, आकाश गंगा सब्जी मण्डी, शीतला तालाब शारदा पारा, पंचमुखी हनुमान मंदिर, परिया पारा, कोसानगर, जवाहर मार्केट, सर्कुलर मार्केट, लिंक रोड, नंदनी रोड, शीतला काम्प्लेक्स, स्टेशन रोड मरोदा सहित सार्वजनिक स्थल में सफाई की गई। निगम आयुक्त श्री संदरानी के द्वारा निरंतर साफ सफाई व्यवस्था के साथ-साथ मतदान केंद्र एवं रात्रिकालीन सफाई व्यवस्था का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है।आयुक्त श्री एस0के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार सभी जोन के आयुक्त एवं स्वास्थ्य निरीक्षक राजस्व एवं सफाई अमला नियमित साफ सफाई व्यवस्था के साथ-साथ रात्रिकालीन में भी सफाई कार्य किया जा रहा है। निगम का स्वास्थ अमला सभी वार्डों में नियमित सफाई व्यवस्था के साथ-साथ आम नागरिकों से अपील भी की जा रही है की वे 20 नवंबर को अपने मताधिकार का उपयोग अवश्य करें तथा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखें गंदगी फैलाए जाने पर निगम एक्ट के तहत कार्यवाही की जावेगी रात्रिकालीन साफ सफाई व्यवस्था में दुकान बंद होने के बाद स्वास्थ्य कर्मचारी सफाई के कार्य कर रहे हैं यह कार्य निरंतर सभी वार्डों के प्रमुख स्थलों पर चलाए जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अधिकारी को दिए तथा प्रतिदिन की जा रही साफ सफाई व्यवस्था की जानकारी से अवगत कराने को कहा गया.



**निगम आयुक्त श्री एस0के0सुंदरानी के आदेशानुसार आदर्श मतदान केंद्र मे वृहद साफ- सफाई, भवनो को फूलों से सजाने के साथ-साथ निर्वाचन आयोग के गाईड लाइन अनुसार व्यवस्थाएं की गई।**

भिलाईनगर/ निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अधिक से अधिक मतदान हो इस उद्देश्य को लेकर मतदाता में जागरूकता ले जाने के उद्देश्य से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श मतदान केंद्र की स्थापना किए जाने का निर्देश प्राप्त हुआ था आदर्श मतदान केंद्र में भवनों के साज सज्जा फूलों से सजाना, मतदाता हेतु मेड बिछाया जान,ा साफ सफाई, पानी, बिजली, ठहरने की समुचित व्यवस्था, शौचालय की सफाई, मतदान के अंदर एवं बाहर स्वच्छता बनी रहे सहित आवश्यक अन्य व्यवस्थाएं पूर्ण किए जाने का निर्देश था। निगम भिलाई द्वारा बीएसपी इंग्लिश पूर्व माध्यमिक शाला, बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर 4, बीएसपी अंग्रेजी पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर 9, बीएसपी पूर्व माध्यमिक शाला सेक्टर 4, केपीएस स्कूल, शंकरा महाविद्यालय, जोन 1 कार्यालय में बने आदर्श मतदान केंद्र ताल पुरी डीपीएस रिसाली, सेक्टर 5 इंग्लिश मीडियम स्कूल को आदर्श मतदान केंद्र बनाया गया है । जहां प्रभारी अधिकारी के द्वारा आयोग द्वारा दिए निर्देश अनुसार समुचित व्यवस्था की गई है तथा शेष मतदान केंद्र में भी साफ सफाई, पेयजल, बिजली सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं लगभग पूर्ण की जा चुकी है। जिन मतदान केंद्र के कार्य पूर्ण हो चुके हैं वहां के पीठासीन अधिकारी के द्वारा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र दिए जा रहे हैं।






## नेवई ट्रेचिंग ग्राउंड का निगम भिलाई एवं' 'बीएसपी प्रबंधन के अधिकारियों द्वारा संयुक्त निरीक्षण कर आवश्यक बिंदु पर चर्चा की गई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस0 के0 सुंदरानी के निर्देशानुसार आज नेवई ट्रेचिंग ग्राउण्ड में डम्प होने वाले कचरे का सूचारु रुप से निष्पादन एवं आग पर नियंत्रण के लिए गठित दल के सदस्यो द्वारा मौके का निरीक्षण कर बैठक ली गई।

नगर पालिक निगम, भिलाई एवं भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा ट्रेचिंग ग्राउण्ड में लाये जाने वाले कचरे सुखा एवं गीला मिलाकर लाया जा रहा है। जिसे वर्तमान परिस्थिति में पृथक-पृथक कर लाये जाने की कार्यवाही त्वरित गति से की जानी है जिससे कि सुखे कचरे का पृथक्कीकरण (सेग्रीगेट) कर एवं गीले कचरे को कम्पोजिट कर उसको अंतिम डिस्पोजल की कार्यवाही की जा सके। सॉलिड वेस्ट मैंनेजमेंट रुल 2016 में विहित प्रावधानों के अनुसार कचरे को ऐट सोर्स पृथक-पृथक प्राप्त किया जाना है जिससे कि सुखा कचरा को ट्रेचिंग ग्राउण्ड तक लाने की स्थिति न हो। इस प्रक्रिया से ट्रेचिंग ग्राउण्ड में लगने वाली आग से बचाव हो सके। ट्रेचिंग ग्राउण्ड मिक्स कचरा पड़ा हुआ है उसपर लगी हुई आग को नियंत्रित करने एवं आग को बुझाने एवं भविष्य में आग लगने पर नियंत्रण के लिए फायर बिग्रेड एवं टेंकर के माध्यम से पूर्णतः गीला किये जाने की तत्काल कार्यवाही किया जाये।



# स्वच्छता रैंकिंग में निगम भिलाई को सर्वाधिक अंक दिलाने कशी कमर

भिलाईनगर/ स्वच्छता रैंकिंग 2019 में नगर निगम भिलाई को सर्वाधिक अंक दिलाने नगर निगम की टीम ने कमर कश लिया है। आयुक्त एस0के0 सुंदरानी द्वारा गठित अलग-अलग विधा की टीम मैदानी क्षेत्र में पहुंचकर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरुक करते हुए स्वच्छता एप डाउनलोड कराने के साथ ही स्वच्छता के प्रति बच्चों में जन जागृति फैलाने उनके बीच प्रतियोगिता की भी आयोजन करवा रही है। स्वच्छता के पैरामीटर पर निर्धारित अंको को प्राप्त करने के लिए आयुक्त श्री सुंदरानी ने स्वास्थ्य अमले के साथ-साथ निगम के अन्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों के टीम गठित कर उन्हें कार्य सौंपा है। उपायुक्त अशोक द्विवेदी ने शुक्रवार को 12 बजे निगम मुख्यालय से कार्यपालन अभियंता आर0के0 साहू के नेतृत्व में गठित प्रचार-प्रसार एवं जन जागरण टीम के लोगों को उत्साहवर्धन के साथ रवाना किया। टीम के सदस्य मैत्रीगार्डन पहुंचकर वहां घुमने के लिए आये लगभग 200 लोगों को स्वच्छता एप के बारे में जानकारी देकर उनके स्मार्ट फोन पर एप डाउनलोड करवाया। उद्यान में उपस्थित बच्चों के बीच टीम के सदस्यों ने सुखा एवं गीले कचरे की पहचान का प्रतियोगिता आयोजित कर पुरुस्कार प्रदान किये। लोगों ने नगर निगम भिलाई के इस पहल को सराहना की और अपनी सहमति व्यक्त किया कि मोहल्लों में एकत्र कचरे का फोटो खिंचकर शिकायत दर्ज करवायेंगे। टीम के इस कार्य में भिलाई स्टील प्लांट के मैत्रीगार्डन प्रभारी एस0के0 जैन का विशेष सहयोग मिला।





# शासकीय कर्मचारियो का विदाई समारोह

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में निगम उपायुक्त ए0के0 द्विवेदी की उपस्थिति में निगम में कार्यरत् कर्मचारी श्री उमेश कुमार दीक्षित पिता स्व. रतन कुमार दीक्षित कार्य सहायक ग्रेड-02, श्री नुकैय्या पिता पापैय्या सफाई कामगार, श्री भागवत पिता श्री अभय सफाई कामगार, श्रीमती मधु सोनी पति श्री ध्रुवनारायण सफाई कामगार, को अपनी 62 वर्ष की आयु पूर्ण कर सेवानिवृत हुए। निगम परिवार आप लोगों के उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायू होने की कामना करता है आप हमेशा निगम परिवार को अपने पास ही पायेंगे। कार्यक्रम का संचालन कर्मचारी संघ के पदाधिकारी श्री संजय शर्मा ने किया। बिदाई समारोह में मूर्ति शर्मा, अनिल मेश्राम, श्रवण ठाकुर, विनोद चन्द्राकर, वकील अहमद, शरद दुबे, रामायण सिंह, मुकेश चौबे, दिनेश ब्रिन्डे, देवेन्द्र चन्द्राकर सहित महिला कर्मचारी एवं कर्मचारी संघ के पदाधिकारी, सहित निगम के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।



**Editorial Board**

श्री एस.के. सुन्दरानी
आयुक्त
नगर पालिक निगम
भिलाई

**Contact & Address**

श्री सुभाष ठाकुर
जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
भिलाई